

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश शासन
भोपाल

दिनांक : 1 मार्च, 2018

# संदेश

**प्यारे बच्चों,**

आपकी बोर्ड परीक्षाएं 01 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। मुझे विश्वास है कि आप पूरी लगन एवं मेहनत के साथ परीक्षा की तैयारी में जुटे होंगे। परीक्षा के दौरान चिंतित होना स्वाभाविक है परन्तु पूरे आत्मविश्वास, लगन, एकाग्रता एवं समय प्रबंधन के साथ तैयारी की जाये तो सफलता आपके कदम चूमेगी। मान. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 16 फरवरी 2018 को 'परीक्षा पर चर्चा' के दौरान आपको समझाइश दी गई है कि सभी विद्यार्थी परीक्षा को उत्सव के रूप में लें। अत: परीक्षा में सफलता-असफलता का विचार किए बिना सकारात्मक रहें तथा योग व ध्यान को अपनी दिनचर्या बनाएं।

मैं पालकों से भी अपील करता हूँ कि वे बच्चों की क्षमताओं पर विश्वास रखें तथा अपनी अपेक्षाओं का बोझ बच्चों पर न डालें। उन्हें सतत् रूप से प्रोत्साहित करें व तनावमुक्त रखें। हर बच्चे की अपनी नैसर्गिक प्रतिभा होती है, उसी अनुरूप उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करें।

परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे परीक्षार्थी आवश्यकता होने पर माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हेल्पलाइन सेवा के दूरभाष नम्बरों 0755-2570248, 2570258 एवं टोल फ्री नम्बर 18002330175 का उपयोग कर परीक्षा के बारे में किसी भी प्रकार के तनाव अथवा समस्या के बारे में विशेषज्ञों से अपनी बात कहकर समाधान कर सकते हैं।

अंत में मैं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देता हूँ कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

(शिवराज सिंह चौहान)

अवलम्बन : मध्यप्रदेश माध्यम/2018
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी